हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

वीरवार, 26 मार्च, 2020/6 चैत्र, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 28

उठाऊ पेयजल/सिंचाई योजना

***2958 श्री बलबीर सिंह वर्मा(चौपाल) :**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जल शक्ति मण्डल नेरवा और उप-मण्डल सैन्ज के अन्तर्गत कितनी ग्रेविटी (बहाव) पेयजल और सिंचाई योजनाओं का कार्य प्रगति पर है तथा इनका निर्माण कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा योजनावार दें?

Food Processing Unit

***2959 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state whether the Government intends to start the food processing units in Solan Assembly Constituency wherein most of the area is under cultivation of Tomatos, Peas and other vegetable crops; if yes, by when?

गैस कनेक्शन

***2960 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**
श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) प्रदेश में कितने घरेलू गैस कनेक्शन स्वीकृत हैं तथा गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक कितने गैस कनेक्शन स्वीकृत किये गये व वर्तमान में कितने आवेदन लम्बित हैं;

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने मुख्य मंत्री गृहिणी सुविधा योजना पूर्ण रूप से बन्द कर दी है; यदि हां, तो ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने परिवारों को इस योजना का लाभ प्राप्त हुआ है; नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इस योजना से वंचित रह गए पात्र परिवारों को सरकार इस योजना का लाभ प्रदान करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

रज्जू मार्ग

***2961 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि शिमला में ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने हेतु रज्जू मार्ग बनाने की योजना बनाई गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर कितनी धनराशि व्यय होने का अनुमान है तथा इसकी अद्यतन स्थिति क्या है?

सड़कों का ब्यौरा

***2962 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बनेड-तनबोल-जगातखाना सड़क जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इस सड़क को ठीक करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; कितनी धनराशि स्वीकृत है और इसे कब तक ठीक कर दिया जाएगा;

(ख) यह सत्य है कि स्वाहण-लखाला-बैहल सड़क पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त हो गई

थी; इस की मरम्मत हेतु सरकार ने कितनी धनराशि स्वीकृत की है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा;

(ग) स्वाहन-कटीरड-पंगवाना सड़क का कार्य कब शुरू किया गया; यह कार्य किस ठेकेदार को आवंटित किया गया था; काम रोकने के क्या कारण थे; ठेकेदार को कितनी धनराशि का भुगतान किया गया; और

(घ) यह सत्य है कि सरकार ने इस सड़क का नाम बदलकर स्वाहण से कटिरड़ और स्वाहण से पंगवाना किया है; सड़क की मूल डी0पी0आर0 को किन कारणों से बदला गया; इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

करुणामूलक आधार पर नियुक्तिया

*2963 **श्री बलबीर सिंह(चिन्तपुरनी) :**
श्री विक्रमादित्य सिंह(शिमला ग्रामीण) :
श्री अरुण कुमार(नगरोटा) :

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) विभिन्न विभागों में करुणमूलक आधार पर कितने मामले गत 2 वर्षो से दिनांक 31-01-2020 तक लम्बित है तथा किन कारणों से लम्बित है; इस दौरान कितनों को नियुक्तियां दी गई और शेष बचे आवेदकों को कब तक नियुक्तियां प्रदान कर दी जाएंगी; ब्यौरा विभाग, नाम-पते सहित विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) सरकार करुणामूलक रोज़गार नीति में आय की सीमा को बढ़ाने का विचार रखती है; यदि हां तो, कब तक; यदि नही तो, कारण?

अटल आदर्श विद्यालय

*2964 **कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत अटल आदर्श विद्यालय खोलने हेतु स्थान का चयन कर लिया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

आऊटसोर्स पर नियुक्ति

***2965 श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :**
श्रीमती आशा कुमारी(डलहौजी) :
श्री रमेश चंद ध्वाला(ज्वालामुखी) :

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक सरकार ने कितने कर्मचारी जलशक्ति विभाग में आऊटसोर्स पर नियुक्त किए; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ख) किस कंपनी की सेवाएं ली जा रही हैं और उसे कितना भुगतान किया जा रहा है तथा कम्पनियों / फर्मो को शोर्टलिस्ट करने हेतु क्या प्रक्रिया अपनाई जाती है;

(ग) प्रदेश सरकार जल शक्ति विभाग में पैरा-पम्प ऑपरेटरज/पैरा-फीटरज/मल्टी-परपज वर्कर्ज की भर्ती करने जा रही है;

(घ) यदि हाँ, तो इसके लिए कितने पद सृजित किए गए हैं तथा इन भर्तियों के लिए क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; वृत्तवार ब्यौरा दें; और

(ड.) क्या इन भर्तियों के बाद पूर्व में आउटसोर्सज पर भर्ती किए गए कर्मियों की सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी?

Bus Route

***2966 Sh. Bikram Singh Jaryal (Bhattiyat):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 3 years up to 31 January, 2020, how many bus routes have been sanctioned in District Chamba; how many are not functional and how many buses are not plying on these routes; and

(b) what steps have been taken by the Government for plying buses on these routes?

नगर पंचायत

***2967 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आनी व ग्राम पंचायत निरमंड को नगर पंचायत बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

सड़क निर्माण

***2968 श्री मोहन लाल ब्राक्टा(रोहडू) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) Chirgaon to Shishara पुल व सड़क, Samala से Rohru व By-Pass Chirgaon रोड तथा Brall- Jalboo-Gaad सड़कों के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है;

(ख) Jharag, Brall, Shal सड़क की मैटलिंग-टारिंग व अन्य कार्य कब तक शुरू होगा; ब्यौरा दें; और

(ग) डोडरा-क्वार की मुख्य सड़क के टैंडर कब हुए व अवार्ड कब हुए; कितने भागों में काम बंटा है व कितना कार्य हुआ है; ब्यौरा दें?

कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक

***2969 श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्ष 2011 में कांगड़ा केन्द्रीय सहकारी बैंक में किन पदों पर अनुबंध कर्मचारी नियुक्त किये गये थे; उनके वेतनमान का ब्यौरा सेवा शर्तों सहित दें;

(ख) अनुबंध काल में अनुबंध पॉलिसी के अन्तर्गत प्रति वर्ष कितना वेतन देय था तथा अनुबंध काल में कर्मचारियों को शर्तों के विरुद्ध कितना वेतन दिया गया; और

(ग) क्या कांगड़ा केन्द्रीय बैंक उपरोक्त अनुबन्ध कर्मचारियों को नियमों के विरुद्ध वर्ष 2011 से वरिष्ठता का लाभ देने का विचार रखता है; यदि हां, तो कब तक?

छात्रवृत्ति घोटाला

***2970 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि SC/ST छात्रवृत्ति घोटाले में दिनांक 31.01.2020 तक कुल कितनी गैर-सरकारी संस्थाओं पर CBI द्वारा कार्रवाई की गई है; कितनी धनराशि का घोटाला हुआ है, कितनी गिरफ्तारियां हुईं व कितनी धनराशि वसूल की गई है; ब्यौरा संस्थानवार नाम व पते सहित दें?

पुल का निर्माण

***2971 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) श्री रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गिरी नदी पर डबल लेन पुल निर्माण का शिलान्यास कब व किन के द्वारा किया गया; और

(ख) निर्माण कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है; किस ठेकेदार को कार्य आवंटित किया गया तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

Expansion of Gaggal Airport

***2972 Sh. Rakesh Singha(Theog) :**
Sh. Pawan Kumar Kajal(Kangra) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) wheather it a fact that the farmers in the Gaggal area of Kangra district are raising objections for expansion of the Airport;

(b) how many farmers will loose their land on the expansion of the Gaggal Airport and how does the Government propose to compensate them adequately;

(c) what steps the Government proposes to prevent the farmers from becoming landless on the acquisition of land; and

(d) will the Government provide employment and compensation to the family members of the farmers whose land has been aquired for the expansion of the Airport?

मिनी सचिवालय

***2973 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बड़सर में मिनी सचिवालय का शिलान्यास किया गया था; यदि हाँ, तो इसके निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; कितनी व्यय की गई तथा निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(ख) क्या सरकार तहसील बिझड़ी में जनहित में अतिरिक्त मिनी सचिवालय बनाने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

पदपूर्ति

***2974 श्री सुरेन्द्र शौरी(बन्जार) :**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बंजार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में शिक्षकों के विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इन्हें कब तक भर दिया जाएगा;

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक इन श्रेणियों में कितनी नियुक्तियां की गईं; ब्यौरा दें ;

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं और महाविद्यालय हैं जिनके सरकारी भवन हैं; और

(घ) कितने ऐसे हैं जिनकी शिक्षा विभाग के नाम भूमि नहीं है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

मुख्य मंत्री गृहिणी योजना

***2975 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत मुख्य मंत्री गृहिणी योजना के अंतर्गत कितने गैस सिलैण्डर कनेक्शन वितरित किए गए तथा कितने शेष हैं; नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

उठाऊ पेयजल योजना कोठी बाड़ा

***2976 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि उठाऊ पेयजल योजना कोठी-बाड़ा के जल संशोधन संयन्त्र के निर्माण कार्य को कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

राजस्व रिकॉर्ड

***2977 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत खसरा न0 203, मोहाल वलाह की भूमि का राजस्व रिकॉड दर्ज़ नहीं है; यदि हां, तो कारण; और

(ख) सरकार बन्दोबस्त द्वारा लगाए गए कब्जों को नियमित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***2978 श्री अनिरुद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि शिमला-नालागढ़ पर जुब्बड़हट्टी के भद्राकाली मन्दिर के समीप बरसात में भू-स्खलन के कारण मिट्टी व पत्थर गिरने से मार्ग संकरा हो गया है तथा ममलीग-हरिपुर-गम्बर पुल सड़क की स्थिति दयनीय है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इनकी मरम्मत करने हेतु क्या पग उठा रही है?

किसान क्रेडिट कार्ड

***2979 श्री विक्रमादित्य सिंह (शिमला ग्रामीण):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि किसान क्रेडिट कार्ड से किसानों द्वारा लिए गए ऋण से बैंक को देय ब्याज में फसलों का बीमा किए जाने व उनका मुआवजा देने का भी प्रावधान है; और

(ख) यदि हां, तो गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक कितने स्थानों पर प्राकृतिक आपदा आई; कितने किसानों का नुकसान हुआ और कितनों को मुआवजा दिया गया; ब्यौरा दें?

विधायक प्राथमिकता

***2980 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु विधायक प्राथमिकता के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं प्रस्तावित हैं; और

(ख) इन योजनाओं की डी0पी0आर0 की अद्यतन स्थिति क्या है; इनके निर्माण में विलम्ब के क्या कारण हैं; ब्यौरा योजनावार दें?

Multi Level Parking

***2981 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether there is a proposal to set-up Multi Level Parkings in rural areas where the offices of SDM are situated; and

(b) whether the Government will identify land in Salooni for parking and provide funds for the same?

रेशम अनुभाग

***2982 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक उद्योग विभाग के रेशम अनुभाग में केन्द्रीय व राज्य योजनाओं के अन्तर्गत किन-किन योजनाओं के लिए कितनी-कितनी धनराशि प्राप्त हुई; ब्यौरा योजनावार व धनराशि सहित दें?

चेयरमैन/वाइस चेयरमैन

***2983 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सरकार ने विभिन्न बोर्डों व निगमों के चेयरमैन व वाइस चेयरमैन के वेतन, TA , DA, गाड़ी, आवास व कार्यालय पर कितनी धनराशि व्यय की; ब्यौरा दें?

मुख्य मंत्री लोक भवन

***2984 श्री विनय कुमार(श्री रेणुकाजी) :**
श्री मुकेश अग्निहोत्री(हरोली) :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) क्या प्रदेश सरकार ने 'लोक भवन योजना' शुरू की है; इसके नियम क्या है प्रति सभा पटल पर रखें;

(ख) इसके तहत कितने भवन विभिन्न विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में बनकर तैयार हो गये हैं; स्थान सहित ब्यौरा दें;

(ग) रेणुका विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में मुख्य मंत्री लोक भवन के निर्माण हेतु कौन सी जगह चयनित की गई है; इसके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; और

(घ) क्या हरोली के नंगल खुर्द में भी 'लोक भवन' बनाने का प्रस्ताव है; यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य किन कारणों से लम्बित है; ब्यौरा दें?

Corruption Cases

***2985 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) how many cases of corruption in Vigilance Department are lying pending of Block Development Office Theog;

(b) details in the chronological order of the steps taken by the Department and the reasons for delay be given; and

(c) what is the total amount involved in different complaints; details be given case-wise?

Shimla : 171004 . **Yash Paul Sharma ,**

Dated: 9th March, 2020. **Secretary .**